भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं.**1242**
सोमवार, 10 फरवरी, 2020/21 माघ, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में 'प्रसाद' योजना लागू करना

1242. श्रीमती रंजीता कोलीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र की 'प्रसाद' योजना राजस्थान में लागू की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राजस्थान सरकार ने 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत कोई प्रस्ताव भेजा है; और

(घ) यदि हां, तो स्थान-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा उक्त प्रस्तावों पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और इसका क्या परिणाम रहा है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2015- 16 में 40.44 करोड रुपए की कुल लागत से प्रशाद योजना के अंतर्गत अजमेर/पुष्कर के एकीकृत विकास की योजना को अनुमोदित किया है जिसे सितंबर 2019 में संशोधित करके 32.64 करोड़ रुपए किया गया है। वर्तमान में इस परियोजना की भौतिक प्रगति 95% है। इस परियोजना के अंतर्गत अनुमोदित संघटकों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

i. अजमेर शरीफ दरगाह स्ट्रीट का विकास
ii. दिल्ली गेट से दरगाह स्ट्रीट तक उन्नयनीकरण
iii. दिल्ली गेट और दरगाह गेट चौक को बेहतर बनाना
iv. अजमेर में रेलवे स्टेशन पर पर्यटक सूचना केंद्र और पर्यटक सूचना किओस्क
v. पुष्कर सरोवर में नवीकरण एवं विकास सम्बन्धी निर्माण कार्य
vi. सरोवर के निकट पुष्कर मार्केट स्ट्रीट में नवीकरण एवं विकास संबंधी निर्माण कार्य
vii. ब्रह्मा मंदिर में आधुनिकीकरण, नवीकरण और विकास कार्य
viii. परिक्रमा पथ, पुष्कर में आधुनिकीकरण, नवीकरण और विकास कार्य
ix. सावित्री माता मंदिर, पुष्कर में विकास और आधुनिकीकरण संबंधी निर्माण कार्य

प्रशाद योजना के अंतर्गत परियोजनाएं प्रस्तुत करना एक सतत प्रक्रिया है। इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

****